


पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**अक्षय कुमार को हुआ कोरोना**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 112 ■ सोमवार, 15 जुलाई 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

## अंबरनाथ में युवती के साथ सामूहिक बलात्कार

■ 2 अज्ञात युवकों ने रिक्शा में ले जाकर शूटिंग रेंज के पास किया दुष्कर्म



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एक रिक्शा में बैठे हुए दो युवकों ने रास्ते से जा रही एक युवती को गलत पहचान बताकर उसे विमको नाका, नेताजी बाजार, के.टी. स्टील के पास के शूटिंग रेंज पर ले जाकर सामूहिक बलात्कार किया है. युवती के घरवालों ने अंबरनाथ पुलिस में 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ जबरदस्ती शारीरिक संबंध की शिकायत दर्ज कराया है.

शिकायत के अनुसार पीड़ित युवती अंबरनाथ रेलवे स्टेशन की दिशा में पैदल जा रही थी. कल्याण की ओर जाने वाले रास्ते पर एक रिक्शा में दो युवक पीछे बैठे थे. दोनों अज्ञात युवकों ने पीड़ित युवती को बुलाकर कहा कि मैं तेरे पिता को जानता हूं, तुम्हें हम घर तक छोड़ देंगे. पहचान बताने के कारण युवती रिक्शा में बैठ गई. आरोपियों ने रिक्शा नेताजी मार्केट रायफल शूटिंग एकेडमी के पास खाली जगह में ले जाकर दोनों आरोपियों ने पीड़िता को धमकी दी कि किसी को बोलना नहीं, नहीं तो तुझे छोड़ेंगे नहीं. रिक्शा चालक को भी धमका कर वापस भेज दिया. उसके बाद दोनों आरोपियों ने जबरदस्ती युवती के साथ दुष्कर्म किया. वह रिक्शा चालक कौन था, जो चला गया. एवं दोनों अज्ञात आरोपी युवक कौन थे? इसकी जांच की जा रही है. रास्ते में लगे सीसीटीवी को पुलिस खंगाल रही है. रिक्शा चालक ने पुलिस में खबर क्यों नहीं की? पीड़ित युवती को पहचान का झांसा बताकर अज्ञात युवकों ने उसके साथ बलात्कार किया है. ये घटना शनिवार रात 8 बजे की है.

**व्यवस्था** — जिले के सभी शहर जल्द ही होंगे सीसीटीवी से कवर!

# अपराधियों पर रहेगी तीसरी नजर

■ सीसीटीवी सिस्टम पर 492 करोड़ रुपये खर्च को मंजूरी

■ पुलिस प्रशासन की व्यवस्था होगी तगड़ी

**कहां-कहां कितने कैमरे**

| शहर | सीसीटीवी की संख्या |
|---|---|
| ठाणे से दिवा | 3163 |
| भिवंडी | 1,347 |
| उल्हासनगर से बदलापुर - | 1,541 |
| कुल | 6051 |

**ठाणे.** कुछ महीने पहले, ठाणे पुलिस ने जिले के ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में 6,000 से अधिक अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए राज्य सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था। इसके बाद प्रदेश में चुनाव, आचार संहिता के चलते यह प्रस्ताव लटक गया। लेकिन अब इन शहरों में सीसीटीवी सिस्टम लगाने के लिए 492 करोड़ 89 लाख 41 हजार रुपये की लागत की प्रशासनिक मंजूरी मिल गयी है. सरकार ने हाल ही में इस संबंध में फैसले की घोषणा की है. जिले की सुरक्षा के लिए इस व्यवस्था से पुलिस प्रशासन को काफी फायदा होगा.

ठाणे जिले के विभिन्न शहरों में चोरी, सेंधमारी, छिनैती, मारपीट, हत्या, दुर्घटना जैसे गंभीर अपराध भी हो रहे हैं. ऐसे में पुलिस के लिए यह जांच करना सुविधाजनक हो जाता है कि घटना स्थल पर सीसीटीवी है या नहीं. लेकिन अगर सीसीटीवी की व्यवस्था न हो तो पुलिस के लिए अपराधी को ढूंढना मुश्किल हो जाता है और इससे अपराधियों को खुली छूट भी मिल जाती है.





कई वाहन चालक लापरवाही से वाहन चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इसके कारण कई पैदल यात्रियों और अन्य वाहन चालकों को गंभीर दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इन सब पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी सिस्टम की जरूरत है. इस पृष्ठभूमि में, ठाणे पुलिस ने ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय की सीमा के भीतर ठाणे, भिवंडी, उल्हासनगर, अंबरनाथ और बदलापुर शहरों में सीसीटीवी सिस्टम स्थापित करने के लिए सरकार को एक प्रस्ताव भेजा था। इसके अनुसार रुपये के व्यय की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी है. सरकार ने हाल ही में इस संबंध में फैसले की घोषणा की है.

ठाणे मनपा ने शहर में 1750 सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं लेकिन ये संख्या बहुत कम है. कल्याण-डोंबिवली मनपा ने स्मार्टसिटी के तहत शहर में एक हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। ठाणे और कल्याण को छोड़कर किसी भी शहर में सरकारी योजना के तहत सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं।

**■ 1997 स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी**

जिले में 1 हजार 997 स्थानों पर ये कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे शहर के सिग्नल एरिया, मुख्य चौराहे, स्कूल, कॉलेज और सुनसान जगहों पर लगाए जाएंगे। इन कैमरों के माध्यम से शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के साथ-साथ अपराध पर अंकुश लगाना संभव होगा।

**■ कैमरे की विशेषताएं क्या हैं?**

इसमें फिक्स्ड कैमरे, 360 डिग्री पर घूमने वाले कैमरे, एएचपीआर कैमरे जो दूर से और अंधेरे में गाड़ी के नंबर साफ देख सकें, आरएलवीडी कैमरे जो गाड़ियों की स्पीड रिकॉर्ड करते हैं, ऐसे अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे और इन्हें ठाणे पुलिस कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा।

## पीड़िता की सहेली के घर ले जाकर किया बलात्कार

**अंबरनाथ.** 'हम दोनों जल्द ही शादी करेंगे' शादी करने का बहाना करके शहर पूर्व निवासी एक 18 वर्षीय युवती को उसकी सहेली के घर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने की घटना सामने आई है. शहर पूर्व निवासी युवती ने अंबरनाथ पुलिस में शिकायत की है कि 14 जून को दोपहर में 2.30 बजे रोहा निवासी अरमान अंसारी (20) ने पीड़िता की सहेली के घर शहर पश्चिम में ले जाकर उसको शादी करता हूं बोलकर उसकी मर्जी के खिलाफ उसके साथ बलात्कार किया. शिकायत में पीड़िता ने ये भी पंजीकृत कराया है कि उसने आरोपी को अपना फोटो नहीं भेजा इसलिए आरोपी ने उसके साथ गालीगलौज भी की है. पुलिस ने दफा 376 (1) 504 के अनुसार अपराध दर्ज किया है. 14 जून की ये घटना है और पीड़िता ने पुलिस में 13 जुलाई को शिकायत दर्ज कराया है. अंबरनाथ पुलिस में एक ही दिन बलात्कार की दो घटनाएं दर्ज की गई हैं.

## पुलिस भर्ती में दवा का उपयोग करने वाले के खिलाफ मामला

**फील्ड टेस्ट के दौरान हुआ खुलासा**



**ठाणे.** ठाणे शहर पुलिस भर्ती के लिए सातारा से आए एक उम्मीदवार साहिल सुरेश सानप (19) द्वारा साकेत पुलिस मैदान में आयोजित परीक्षण में प्रतिबंधित दवा (टैब जेफकॉर्ट 6 एमजी) का सेवन करने का दोषी पाया गया है. इस मामले में राबोडी पुलिस ने भारतीय न्यायिक संहिता अधिनियम की धारा 23 के साथ-साथ औषधीय तरल पदार्थ और प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 की धारा 18 (सी), 27 के तहत मामला दर्ज किया है।


ठाणे सिटी कमिश्नरेट भर्ती फील्ड टेस्ट 19 जून से चल रहा है। 12 जुलाई सुबह 6 बजे साकेत पुलिस ग्राउंड में परीक्षण शुरू हुआ. सुबह 7:45 बजे महिला पुलिस कांस्टेबल साबले ने दोनों उम्मीदवारों को शौचालय के लिए छोड़ा गया.

सानप के साथ मौजूद कैंडिडेट ने साबले को बताया कि साहिल सानप ने उस वक्त कोई गोली ली थी. जब सानप से पूछा गया तो उसने बताया कि शरीर में गांठ होने के कारण उसने गांव से आते समय दवा की दुकान से दर्द निवारक दवा ले ली थी. संदेह होने पर कांस्टेबल साबले ने सहायक पुलिस आयुक्त अरुण पाटिल को सूचित किया। पाटिल के कहने पर जब रैपर की तलाशी ली गई तो पता चला कि उसने टैब जेफक्राट 6एमजी टैबलेट ली है.

# भारी बारिश ने बढ़ाई लोगों की मुश्किल

**■ CHM कॉलेज में पानी घुसा**

**उल्हासनगर.** लगातार हो रही बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही है। उल्हासनगर शहर में हर वर्ष मूसलाधार बारिश में सबसे पहला डूबने वाला क्षेत्र उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के सामने सीएचएम कॉलेज व परिसर ही होता है। यहां पर नदी व नालों की सफाई मनपा प्रशासन की देखरेख में ठेकेदार द्वारा नहीं किए जाने से बाढ़ की स्थिति रहती है। सीएचएम कॉलेज की प्राध्यापिका डॉ. मंजू लालवानी पाठक ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार पड़ रही बारिश से कॉलेज में नदी व नाले का पानी घुस गया है कि जिससे हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज बारिश में कॉलेज प्रांगण पानी से लबालब हो जाता है। यह समस्या हर वर्ष होती है मनपा प्रशासन को इसकी लिखित शिकायत के बावजूद इसका कोई हल नहीं निकल रहा है।



### अंबरनाथ-बदलापुर के बीच मालगाड़ी का इंजन हुआ खराब

**■ घर लौटने वाले कर्मचारियों की हुई दुर्दशा**

**बदलापुर.** शनिवार को अंबरनाथ और बदलापुर स्टेशनों के बीच मालगाड़ी का इंजन बंद हो गया और उसके पीछे की लोकल ट्रेनें फंस गईं. बारिश के कारण पहले से ही धीमी गति से चल रही लोकल ट्रेनों से यात्री नाराज थे. इसके बाद लोकल ट्रेनों के अंबरनाथ से आगे नहीं जाने से यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी।



शनिवार रात 8:30 से 9:30 बजे के बीच अंबरनाथ से बदलापुर जा रही मालगाड़ी का इंजन खराब हो गया। इसके चलते बदलापुर और कर्जत की ओर यातायात पूरी तरह से बंद हो गया। अंबरनाथ स्टेशन पर एक लोकल खराब हो गई. फिर उसके पीछे लोकल ट्रेनों की कतारें लग गईं. यात्रियों ने उल्हासनगर विठ्ठलवाड़ी स्टेशन से अंबरनाथ स्टेशन तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाया। कुछ यात्री पैदल चलकर उल्हासनगर और अंबरनाथ स्टेशन पहुंचे। नतीजा यह हुआ कि शनिवार को घर लौट रहे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। ऊपर से पहले से ही हो रही बारिश ने स्थानीय गड़बड़ी के कारण यात्रियों का गुस्सा और बढ़ा दिया.

### रायता पुल यातायात के लिए बंद



**ठाणे जिले में बारिश**
दिनांक - 14/7/2024

| | |
|---|---|
| 1.ठाणे | 134.6 मिमी |
| 2.कल्याण | 130.0 मिमी |
| 3.भिवंडी | 149.6 मिमी |
| 4.अंबरनाथ | 108.9 मिमी |
| 5.उल्हासनगर | 119.8 मिमी |
| 6.मुरबाड | 139.3 मिमी |
| 7.शहापुर | 147.6 मिमी |
| कुल बारिश | 135.5 मिमी |

**■ गोवेली-टिटवाला मार्ग का उपयोग करने की अपील**

**कल्याण.** दो दिनों की मसूलाधार बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कल्याण से अहमदनगर जाने वाले रास्ते में रायता गांव के पास उल्हास नदी का जलस्तर बढ़ जाने से प्रशासन ने एहतियात के रूप में रायता पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया है।

साथ ही प्रशासन ने लोगों से गोवेली-टिटवाला मार्ग उपयोग करने की अपील की है। बतादें कि भारी बरसात को देखते हुए मौसम विभाग ने ठाणे और आसपास में रेड अलर्ट जारी किया है। हालांकि रविवार को कल्याण और आसपास में बारिश का ज़ोर कम रहा। दिन भर रिमझिम बरसात होती रही। पीडब्ल्यूडी विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उल्हास नदी खतरे के निशान से उपर बह रही है। साथ ही बारिश ज्यादा हुई तो जलस्तर और बढ़ने की संभावना है।

## शेयर के नाम पर एक महिला से 43 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

**उल्हासनगर.** फर्जी शेयर्स ऐप से 43 लाख 10 हजार के शेयर खरीदने का झांसा देकर एक महिला से ठगी का मामला सामने आया है. विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है.

कविता राहुल मराठे अंबिकानगर, उल्हासनगर कैंप नंबर-4 में रहती हैं। 1 मई से 10 जुलाई के बीच प्रिया, अनिल शर्मा और एचएल प्लेटफॉर्म के कस्टमर केयर नंबर धारक को उनके मोबाइल फोन पर शेयरों में निवेश करने और अतिरिक्त लाभ का लालच देने के लिए कॉल आए। उन्हें फर्जी शेयर बाजार एचएल प्लेटफॉर्म के फर्जी ऐप का लिंक देकर शेयरों में निवेश करने के लिए कहा गया था। उस लिंक पर मराठे ने शेयरों में 43 लाख 10 हजार रुपये तक का निवेश किया. लेकिन कोई फायदा नहीं होने पर उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। वह विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन पहुंची और पुलिस को सारी बात बताई.

पुलिस ने प्रिया, अर्जुन शर्मा और एचएल प्लेटफॉर्म कस्टमर केयर नंबर धारक के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस आगे की जांच कर रही है.

## कल्याण में बारिश के कारण इमारत का एक हिस्सा ढहा

**कल्याण.** शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश के कारण कल्याण पश्चिम के जोशी बाग में रूबाब बानो स्थित एक मंजिला इमारत की पहली मंजिल की दीवार अचानक गिर गयी. इमारत पूरी तरह खाली थी जिससे गनीमत यह रही कि जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ. सुरक्षा उपाय के रूप में, केडीएमसी द्वारा स्थानीय वार्ड के माध्यम से इमारत के खतरनाक हिस्से को हटा दिया गया है और इमारत को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है.

# 2 शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार, 11 मामले उजागर

**■ यूपी से आ रहे थे चोरी करने**

**■ 10 लाख का माल जब्त**

**ठाणे.** ठाणे शहर, कल्याण तथा मुंबई में चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चेन स्नेचरों आशीष सिंह (33) और अमित सिंह (26) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से 10 लाख से अधिक मूल्य के आभूषण सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। विशाल नामक एक अन्य चेन स्नैचर अभी भी फरार है। गिरफ्तार दोनों आरोपी खासतौर पर यूपी से ठाणे आकर सावरकरनगर इलाके में अपने रिश्तेदारों के यहां रहकर चोरी कर रहे थे. वागले इस्टेट सर्कल के पुलिस उपायुक्त अमर सिंह जाधव ने बताया कि इन आरोपियों से 10 लाख का माल जब्त कर लिया गया है.

20 जुलाई को कासर वाडावली पुलिस थाने में चेन स्नेचिंग से जुड़ी एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। चैन स्नेचिंग करने के बाद आरोपी जिस तरफ भागे थे, उस तरफ लगे सभी सीसीटीवी फुटेज की तीन दिनों तक लगातार जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस वर्तक नगर के दोस्ती बिल्डिंग नंबर 3 स्थित फ्लैट नंबर 719 में पहुंच गई और चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने के बाद घर के अंदर आराम फरमा रहे आशीष सिंह को हिरासत में ले लिया।



पूछताछ में सिंह ने चेन स्नेचिंग में शामिल रहने का गुनाह कबूल कर लिया और कल्याण परिसर में सक्रिय अपने दूसरे साथी अमित सिंह के नाम का भी खुलासा कर दिया। इस खुलासे के बाद पुलिस ने जाल बिछाकर दूसरे आरोपी अमित सिंह को बोरीवली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। पता चला है कि इन लोगों ने मुंबई, ठाणे और कल्याण इलाके में 11 चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है. इसमें चितलसर पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 3, कसारवडवली पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 2, कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 1, खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 3, नौपाड़ा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर 1, गोरेगांव पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर जबरन चोरी के 1 मामले शामिल हैं। इस अपराध में आरोपियों द्वारा चुराए गए 8 लाख 54 हजार रुपए के आभूषण और 10 लाख 14 हजार रुपए के दो दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं.

## भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर का चालिहा व्रत 16 से

**उल्हासनगर.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंधी समुदाय के इष्टदेव भगवान झूलेलाल की पूजा करने हेतु जो चालीस दिन का व्रत धारण किया जाता है वह पूज्य चालिहा साहिब व्रत भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर उल्हासनगर-1 में 16 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है।



समस्त सिंधी समाज को इस मंदिर के हर्ता कर्ता और भाऊ परसराम झूलेलाल मंडली के प्रमुख भाऊ लीलाराम ने विनंती की है कि चालिहा व्रत के दौरान मंदिर आकर भगवान झूलेलाल के दर्शन करें और जिन लोगों को लालसाई जी का बहराणा करवाना हो वे भाऊ लीलाराम जी से मंदिर में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# ठाणे जिले में 30 हजार 'लाडली बहनों' के आवेदन

**■ ऑनलाइन आवेदन से ज्यादा ऑफलाइन आवेदन**

**ठाणे.** 'मुख्यमंत्री लाडली बहिन योजना' के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 30 हजार 860 महिलाओं ने 10 दिनों में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन जमा किए हैं। सरकार ने इस योजना के लिए एक ऐप लॉन्च किया है, लेकिन आवेदन भरने और जानकारी लोड करने में महिलाओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को तकनीकी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए ऑफलाइन आवेदन जमा करने वाली महिलाओं की संख्या ऑनलाइन आवेदन से ज्यादा है.



राज्य सरकार ने लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री लड़की बहिन योजना की घोषणा की। प्रारंभ में इस योजना में आयु शर्त, आय प्रमाण, निवासी प्रमाण अनिवार्य था। इसलिए महिलाओं ने दस्तावेज भरने के लिए ई सेवा केंद्र, तहसील कार्यालय में भारी भीड़ लगा दी, जिसके बाद राज्य सरकार ने इस योजना के लिए आवेदन जमा करने की समय सीमा 31 अगस्त तक बढ़ा दी और अब केवल आय प्रमाण पत्र और डेमोसाइल प्रमाण पत्र की शर्त में छूट दी है। आय प्रमाण के स्थान पर पीले और नारंगी रंग के राशन कार्ड स्वीकार किये जायेंगे, जिससे इस योजना के लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी।

**शहरी और ग्रामीण सांख्यिकी**

भिवंडी, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, मीरा भयंदर, उल्हासनगर महानगरपालिका क्षेत्रों से 8 जुलाई तक 2,899 आवेदन ऑनलाइन जमा किए गए हैं और लगभग 14,278 आवेदन ऑफ़लाइन जमा किए गए हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों शाहपुर, डोलखांब, मुरबाड, भिवंडी-कल्याण, अंबरनाथ से 1,802 आवेदन ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से जमा किए गए हैं और लगभग 11,281 आवेदन ऑफ़लाइन जमा किए गए हैं।

**आवेदन भरने के लिए नारी शक्ति ऐप**

इस योजना के तहत महिलाओं को तेजी से आवेदन भरने में सक्षम बनाने के लिए नारी शक्ति ऐप विकसित किया गया है। लेकिन इस एप पर महिलाओं द्वारा भरी गई जानकारी व दस्तावेज अपलोड करते समय एप पर लोड नहीं होने से यह तकनीकी दिक्कतें एप डाउनलोड कर स्वयं भरने वाली महिलाओं के साथ ही भरने वाली आंगनबाडी सेविकाओं को भी आ रही हैं। इसके कारण आवेदन जमा करने में देरी हो रही है.

## ठाणे आयुक्तालय की सीमा में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**ठाणे.** उग्रवाद, आतंकवादी तथा असामाजिक प्रवृत्तियों से सुरक्षा और खतरे के मद्देनजर, ठाणे विशेष शाखा के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने मंगलवार को पूर्व अनुमति के बिना रिमोट कंट्रोल द्वारा ड्रोन, माइक्रो लाइट एयरक्राफ्ट, पैराग्लाइडर के ठाणे आयुक्तालय की सीमा के भीतर उपयोग पर प्रतिबंध आदेश जारी किया है। इस निषेधाज्ञा के मुताबिक 12 जुलाई से 9 सितंबर तक 60 दिन का प्रतिबंध लगाया गया है.



देश में विभिन्न स्थानों पर उग्रवादियों/ आतंकवादियों द्वारा रिमोट नियंत्रित ड्रोन या हवाई मिसाइलों से हमले की घटनाएं हुई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, मौजूदा स्थिति में, उग्रवादी/आतंकवादी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना आवश्यक है जो ठाणे शहर पुलिस आयुक्तालय के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में पैराग्लाइडर, रिमोट नियंत्रित ड्रोन या माइक्रो लाइट विमान का उपयोग करके हमला कर सकते हैं।

इस बीच, ठाणे पुलिस आयुक्तालय की विशेष शाखा के पुलिस उपायुक्त, सचिन गोरे ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ऐसे हवाई वाहनों के उपयोग पर तुरंत रोक लगाने का आदेश जारी किया है। ठाणे पुलिस के निषेधाज्ञा के कारण, अब आयुक्तालय की सीमा के भीतर पैराग्लाइडर, ड्रोन, माइक्रो लाइट विमान का उपयोग करके निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर उन्हें दंडित किया जाएगा।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## दिल्ली में लापरवाही की बाढ़

राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से कभी लोगों के पानी के लिए तरसने की खबर आती है, तो कभी यहां के कुछ क्षेत्रों में पानी भर जाता है। पिछले महीने दिल्ली के कई हिस्सों में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया था। तब दिल्ली सरकार का कहना था कि हरियाणा से यमुना में उसके हिस्से का पूरा पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। अब यमुना की एक नहर में इतना पानी आ गया कि दिल्ली के बवाना में तटबंध टूट गए और आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो गए। यहां लोगों के लिए पेयजल का भी संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि बाढ़ से जलशोधन संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है।

सरकार इस समस्या से जल्द निजात दिलाने का दावा कर रही है, लेकिन क्या समय रहते इस खतरे को टाला नहीं जा सकता था? दरअसल, हर साल बरसात में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली में बाढ़ का खतरा बना रहता है। पिछले साल भी यमुना के उफान से राजधानी के कई इलाके जलमग्न हो गए थे। जब सब कुछ पहले से अंदाजा रहता है, तो बाढ़ से बचने के दीर्घकालिक उपायों पर काम क्यों नहीं किया जाता?

दिल्ली के बवाना में जिस नहर के तटबंध टूटने से पानी भरा है, वह हरियाणा के करनाल से यमुना नदी से निकलने वाली मुनक नहर का हिस्सा है। दिल्ली सरकार का तर्क है कि इस नहर की देखरेख का जिम्मा हरियाणा सरकार का है। पर जो नहर दिल्ली से होकर जा रही है, क्या उसकी निगरानी करने का कर्तव्य यहां के शासन-प्रशासन का नहीं बनता है? दिल्ली सरकार का कहना है कि संबंधित इलाकों में बाढ़ की स्थिति से निपटने के बाद हरियाणा सरकार के साथ मिलकर नहर के क्षतिग्रस्त होने के कारणों की जांच की जाएगी।

अगर इस नहर की नियमित निगरानी की जाती, तो इसके तटबंध टूटने से बचाने के उपाय समय रहते किए जा सकते थे। आशंका है कि ज्यादा बरसात के समय यमुना और इससे निकलने वाली नहरों में जलस्तर और खतरनाक रूप ले सकता है। ऐसे में दिल्ली और हरियाणा सरकारों को बाढ़ के संभावित खतरों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जान-माल के नुकसान से बचा जा सके।

# बाबाओं की बढ़ती लोकप्रियता और सरकार

उत्तर प्रदेश के हाथरस में गत दिनों एक सत्संग में भगदड़ मचने से 121 भक्तों की कुचलकर मौत हो गई। अधिकांश मृतक दलित थे। आम तौर पर किसी भी भाजपा शासित प्रदेश में दलित उत्पीड़न, हत्या, दुर्घटना का मामला राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मुद्दा बन जाता है। परंतु हाथरस मामले में ऐसा नहीं हुआ। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अव्यवस्था-लापरवाही बरतने के केंद्र में 'भोले बाबा' उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल सिंह का सत्संग प्रकरण है। बाबा स्वयं भी दलित समाज से आते हैं। चूंकि यह घटना 'दलित बनाम सवर्ण' या 'जातिगत तनाव' संबंधी नैरेटिव के अनुकूल नहीं है, इसलिए इस पर मौन की दहाड़ है। परंतु असली विचारयोग्य विषय कुछ और है।

हाथरस मामले ने एक बार फिर ऐसे बाबाओं को चर्चा में ला दिया है। आखिर नारायण साकार हरि जैसे कथित गुरुओं से लाखों-करोड़ की संख्या में लोग क्यों जुड़ जाते हैं? इनकी जीवन-शैली, वेशभूषा और आचार-व्यवहार भारत के पारंपरिक संतों जैसी नहीं है और उनके उद्बोधनों से कोई विशेष पांडित्य भी प्रकट नहीं होता है। फिर क्या कारण है कि इन 'साधु-संतों' के लिए उनके अनुयायी मरने-मारने को भी तैयार रहते हैं? कई राजनीतिक दल भी उनके अनैतिक व गैर-कानूनी कार्यों में या तो प्रत्यक्ष-परोक्ष सहयोग देते हैं या फिर चुप्पी साधे रखते हैं।

यह उपक्रम न तो एक समाज तक सीमित है और न ही एक देश तक। देश के कई क्षेत्रों में आयोजित चंगाई सभाओं में पादरी दृष्टिबाधित-दिव्यांग और रोगी व्यक्ति को अपने 'करिश्मे' से ठीक करने का दावा करते हैं। ईसाई बहुल अमेरिका-ब्रिटेन जैसे विकसित देशों के साथ इस्लामी दुनिया में भी पीर-फकीर का तिलिस्म फैला हुआ है, जिससे वहां का सत्ता-अधिष्ठान भी प्रभावित है। पाकिस्तान में पूर्व क्रिकेटर इमरान खान को प्रधानमंत्री बनाने में उनकी तीसरी बेगम पीर बुशरा मेनका की 'रूहानी ताकत' की खूब चर्चा रही है।



लेकिन भारत में बाबाओं की सफलता की वजह अलग है। इसका एक बड़ा कारण शासकीय विफलता है। कोई भी व्यवस्था जितनी अक्षम और भ्रष्ट होगी, समाज में उतनी ही अनिश्चितता और असंतोष बढ़ेगा। यह स्थिति ऐसे बाबाओं के लिए सबसे अनुकूल होती है। सरकार चाहे किसी की हो, उसके अधीनस्थ तंत्र अक्सर संवेदनहीन होता है। देश का बहुत बड़ा हिस्सा दशकों से अपनी जरूरतों (राशन-चिकित्सा-शिक्षा सहित) की पूर्ति के लिए सरकारी उपक्रमों पर निर्भर है। परंतु जन-सरोकार के लिए गठित सार्वजनिक निगम, थाना, बैंक, अस्पताल, स्कूल इत्यादि घूसखोरी, धांधली और उत्पीड़न के पर्याय बन चुके हैं। ऐसे में जनता स्वयं को उपेक्षित व अपमानित महसूस करती है। बीते कुछ वर्षों में नकद धन हस्तांतरण से स्थिति में थोड़ा बदलाव आया है, और लाभार्थियों को बिना सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाए सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। परंतु शेष व्यवस्था में कोई परिवर्तन नहीं आया है।

वर्षों पुरानी शासकीय प्रणाली और उसके द्वारा स्थापित व्यवस्था की अक्षमता-विफलता का लाभ स्वयंभू 'चमत्कारी' बाबाओं को मिलता है। देश भर में ऐसे बाबाओं के कई सौ एकड़ में फैले शिविरों में निशुल्क या सस्ती चिकित्सा प्रणाली, दवा केंद्र, शिक्षा, खेल-उद्यान आदि उपलब्ध हैं, जिन्हें पाकर उनके करोड़ों अनुयायी स्वयं को सम्मानित अनुभव करते हैं। यह लोगों को स्वयंभू संतों से जोड़ने में बड़ा कारक है। आधुनिकता और निजी स्वतंत्रता के नाम पर शासकीय व्यवस्था नशा-धूम्रपान और लिव-इन संबंधों (समलैंगिकता सहित) को सशर्त स्वीकृति देती है। परंतु समाज का एक बड़ा वर्ग इन्हें स्वीकार नहीं कर पाता है। भले ही बाबाओं का निजी जीवन कैसा हो, परंतु इन विषयों पर वे व्यापक जनभावना को जनसमूह से साझा करते हैं। परिणामस्वरूप बाबाओं की लोकप्रियता बनी रहती है। मानवीय जीवन अनिश्चितताओं से भरा है और कई मामलों में मनुष्य का नियंत्रण नहीं रहता। उपभोक्तावादी दौर में अपनी व्यक्तिगत सामर्थ्य से ऊपर धन-पद अर्जित करने और सुख-सुविधा पाने की लालसा बढ़ गई है।





शांति और एकता की शुरुआत हम में से प्रत्येक के साथ होती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# सरकार का रवैया किसानों की परेशानी दूर करने की हो

किसान आंदोलन को दबाने की जैसी कोशिश हरियाणा सरकार ने की, वैसी देश में कहीं नहीं देखी गई। तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन शुरू हुआ तो हरियाणा सरकार ने पंजाब और हरियाणा की तरफ से दिल्ली की तरफ बढ़ रहे किसानों को रोकने के लिए सड़कें खुदवा दी थीं। फिर जब तीनों कानूनों को वापस लेते वक्त केंद्र सरकार की तरफ से किए गए वादे पूरे न किए जाने पर, पांच महीने पहले, दूसरी बार पंजाब और हरियाणा के किसानों ने दिल्ली की तरफ कूच किया तो हरियाणा सरकार ने शंभू सीमा पर उन्हें रोक दिया। राजमार्ग पर दीवारें खड़ी कर दी गईं, मोटी-मोटी कीलें गाड़ दी गईं। किसानों ने वहीं डेरा डाल दिया, तो कई दिन तक उन पर ड्रोन से आंसू गैस के गोले बरसाए गए, ताकि वे वापस लौट जाएं। उस दौरान हरियाणा पुलिस की तरफ से गोलीबारी भी की गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। राजमार्ग पर अवरोध खड़े किए जाने की वजह से रोजाना हजारों आम लोगों को तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उस इलाके के व्यापारियों की परेशानियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने वहां के उच्च न्यायालय में गुहार लगाई। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार एक हफ्ते के भीतर राजमार्ग से अवरोधक हटा ले। अब सर्वोच्च न्यायालय ने भी कह दिया है कि हरियाणा सरकार को इस तरह राजमार्गों पर बाधा खड़ी करने का कोई हक नहीं है। राज्य सरकार की तो यातायात को सुगम बनाने की जिम्मेदारी होती है।



दरअसल, गोलीबारी में मारे गए युवक की न्यायिक जांच कराने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी। उसी की सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि शंभू सीमा से अवरोधक तुरंत हटाए जाएं। किसान भी नागरिक होते हैं और उन्हें सरकार के सामने अपनी मांग रखने का हक है। इसी तरह तीन कानूनों के विरोध में उठे आंदोलन को दबाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों को रोकने के लिए बड़ी-बड़ी कीलें ठोंक दी गई थीं। तब भी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि किसानों को अपनी मांग रखने का अधिकार है और राजमार्गों को किसी भी रूप में रोका नहीं जाना चाहिए। मगर लगता है कि अदालतों के बार-बार यह रेखांकित करने के बावजूद सरकारों को इस लोकतांत्रिक तकाजे की कोई परवाह नहीं है। किसान कोई किसी दूसरे देश के सिपाही तो हैं नहीं कि उनके दिल्ली पर हमला कर देने का खतरा है। उन्होंने तो लोकतांत्रिक तरीके से दिल्ली के रामलीला मैदान में इकट्ठा होकर अपनी मांगें रखने की अनुमति मांगी थी। मगर हरियाणा सरकार ने उनके साथ अपनी जोर आजमाइश शुरू कर दी। ये सवाल अब भी अपनी जगह बने हुए हैं कि तीन कानूनों को वापस लेते समय प्रधानमंत्री ने जिन मांगों को पूरा करने का वादा किया था, वे अभी तक पूरी क्यों नहीं की गईं। राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा संसद में उठाया था, मगर उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। किसानों की सबसे अहम मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी का कानून बनाने को लेकर है। इसका वादा प्रधानमंत्री ने भी किया था, मगर इस दिशा में कोई पहल नजर नहीं आई। इसके अलावा आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दायर मुकदमे वापस लेने और कर्ज माफी की मांग है। सरकार अपने वादों पर भी आगे कदम नहीं बढ़ा रही, तो आंदोलन तो सिर उठाएंगे ही।

# महलों और बगीचों से सजा है ये खूबसूरत पैलेस

रूस का पीटरहॉफ पैलेस कई लिहाज से दुनिया के अनूठे महलों में गिना जाता है. यह एक नहीं बल्कि कई

**जरा हट के**



महलों और बगीचों की श्रृंखला से मिल कर बना है. इसके बनने के पीछे एक रोचक इतिहास है. इसे रूस के मशहूर जार पीटर द ग्रेट ने फ्रांस के वर्सेल्स के महल के जवाब के रूप में बनवाया था. यहां तक कि इसका नाम भी रूसी वर्सेल्स पड़ गया था. इसे फ्रांस के लुई सालहवें के शासनकाल के दौर में बनवाया गया था.

1702 में उत्तरी युद्ध के अंत के बाद बाल्टिक सागर से स्वीडिश साम्राज्य का अधिकांश हिस्सा रूस के जार के उभरते शासन को मिल गया था. पीटर द ग्रेट ने 1703 में अपनी नई राजधानी सेंट पीटर्सबर्ग बनाई और उसे संवारना शुरू किया जिसमें पीटरहॉफ़ महल परिसर का विस्तार शामिल था. यह सब रूप को आधुनिक बनाने के मकसद से हो रहा था.

पीटरहॉफ पैलेस का सबसे बड़ा आकर्षण मोनप्लासिर पैलेस क्रोनस्टेड के बंदरगाह के पास स्थित है. कहा जाता है कि इसकी डिजाइन पीटर द ग्रेट ने खुद तैयार की थी.. वे क्रोनस्टेड के बंदरगाह से यूरोप से आने-जाने के दौरान महल का इस्तेमाल करते थे. पीटर ने मोनप्लासिर पैलेस के समुद्र की ओर वाले कोने से अपना समुद्री अध्ययन किया. वे बाईं ओर क्रोनस्टेड द्वीप और दाईं ओर सेंट पीटर्सबर्ग देख सकते थे. महल के अंदर पीटर की यूरोप से लाई हुईं पेंटिंग्स सजाई गई हैं. पीटरहॉफ पैलेस की सबसे बड़ी खासियत यहां के बहुत सारे बगीचे हैं. सबसे बड़ा निचला उद्यान 1.02 वर्ग किलोमीटर में फैला है पीटरहॉफ के अधिकांश फव्वारे यहीं पर देखने को मिलते हैं. बाद में यहां कई बगीचे जोड़े गए जिनमें एलेक्जेंड्रा पार्क भी शामिल है. दक्षिण में ऊपरी उद्यान है. एक छोटी सी नहर बगीचों को दो हिस्सों में बांटती है.




# राजस्थानी मिर्ची वड़ा

**सामग्री :**

राजस्थानी मिर्ची वड़ा बनाने के लिए कुछ सामग्री चाहिए, जैसे 10 से 12 लंबी हरी मिर्च, दो उबले हुए आलू, दो कप बेसन, बारीक कटा हुआ हरा धनिया, पुदीना, अदरक लहसुन का पेस्ट, हींग, बारीक कटी हुई हरी मिर्च, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर, गरम मसाला, नमक स्वाद अनुसार और तलने के लिए तेल.

**विधि :**

राजस्थानी मिर्ची वड़ा बनाने के लिए सबसे पहले आपको हरी मिर्च को धोकर बीच में से चीरा लगाना होगा, अब इसके अंदर के सभी बीच निकाल लें. अब एक एक बाउल में बेसन निकले और उसमें उबले हुए आलू, हरा धनिया, पुदीना, अदरक और लहसुन का पेस्ट, थोड़े मसाले डालकर अच्छी तरह मिला ले. इस पेस्ट की मदद से छोटे-छोटे टिक्की बनाएं और फिर हरी मिर्च के अंदर भर दें.



इसके बाद आप बैटर बना ले, बैटर बनाने के लिए एक बड़े कटोरे में बेसन लें. उसमें बारीक कटी थोड़ी हरी मिर्च, नमक, एक चुटकी हल्दी, एक चम्मच तेल और थोड़ा पानी डालकर घोल तैयार कर लें. अब इस भरी हुई मिर्च को घोल के अंदर डूबा लें. अब एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और इस घोल में डूबी हुई मिर्च को तेल में तल लें.

जब यह सुनहरी होने लगे, तब इसे तेल से निकालकर एक प्लेट में रखकर चटनी या दही के साथ परोस सकते हैं. लेकिन ध्यान रहे यह राजस्थानी मिर्ची वड़ा उन्हीं को खिलाएं जिन्हें तीखा पसंद है, जो लोग तीखा नहीं खाते हैं, उनके लिए मिर्ची बड़ा का सेवन खतरनाक हो सकता है.

# नींबू के साथ भूलकर भी न खाएं ये 4 चीजें

## वरना सेहत को झेलना पड़ सकता है भारी नुकसान

**नींबू खाना कई लोगों को पसंद होता है. नींबू जहां एक तरफ खाने का स्वाद बढ़ाता है, वहीं अगर इसे गलत तरीके से खाया जाये तो ये आपके लिये मुसीबत भी खड़ी कर सकता है. जी हां. नींबू के साथ कुछ चीजें भूलकर भी न खाएं उनमें से ये 4 चीजें आज हम आपको बताने जा रहे हैं. वरना आपके पेट में जहर तक भी बन सकता है.**

विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर नींबू एक स्वादिष्ट और सेहतमंद फल है. इसका इस्तेमाल अक्सर खाने का स्वाद बढ़ाने और चाय में डालने के लिए किया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजों के साथ नींबू का सेवन आपकी सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है?

आयुर्वेद के अनुसार, कुछ खाने वाली चीजों के साथ नींबू का मिश्रण 'विरुद्ध आहार' माना जाता है, जो पाचन तंत्र को बाधित कर सकता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है. आइए जानते हैं कि नींबू के साथ किन 4 चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए.



### 1. दूध

दूध के साथ नींबू का सेवन करने से पेट में गैस, अपच और दस्त जैसी समस्याएं हो सकती हैं. ऐसा इसलिए होता है क्योंकि नींबू का एसिडिक एलिमेंट दूध के प्रोटीन को फाड़ देता है, जिससे पाचन क्रिया में गड़बड़ी होती है.

### 2. दही

दही के साथ नींबू का सेवन भी पेट के लिए हानिकारक है. नींबू का एसिड दही में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया को नष्ट कर देता है, जिससे पाचन तंत्र कमजोर होता है और एसिडिटी बढ़ सकती है.

### 3. मछली

मछली के साथ नींबू का सेवन करने से मछली का पोषण कम हो जाता है. नींबू का अम्ल मछली में मौजूद प्रोटीन को पचाने में बाधा डालता है, जिससे शरीर को मछली से मिलने वाले आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं.

### 4. अंडा

अंडे के साथ नींबू का सेवन करने से पेट में भारीपन और अपच हो सकती है. नींबू का अम्ल अंडे में मौजूद प्रोटीन को पचाने में मुश्किल पैदा करता है, जिससे पेट में गड़बड़ी हो सकती है. इन फू के अलावा भी, नींबू का अत्यधिक सेवन पेट में जलन, एसिडिटी और मुंह के छालों जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है. इसलिए, नींबू का सेवन संतुलित मात्रा में ही करें और इन फू के साथ इसका सेवन पूरी तरह से बचें. यह भी ध्यान रखें कि यदि आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है, तो नींबू का सेवन करने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें.

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृषभ** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें। विवाद में न पड़ें। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा।

**मिथुन** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। आय होगी। व्यापार ठीक चलेगा। बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा। समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**सिंह** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। कुसंगति से दूर रहें। हानि संभव है। विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें।

**कन्या** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**तुला** : व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी मनोरंजक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा।

**वृश्चिक** : यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**धनु** : योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**मकर** : लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कुंभ** : हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है। किसी व्यक्ति की नाराजी से मन खराब होगा। मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**मीन** : किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यापार ठीक चलेगा। समय सुखमय व्यतीत होगा। बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बैड कोलेस्ट्रॉल निकाल देंगे शरीर से ये छोटे-छोटे बीज..!

- **इन 5 तरह से करें सेवन, कम होगा हार्ट अटैक का जोखिम**

शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ना सेहत के लिए घातक है. इससे हार्ट अटैक जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ता है. इसलिए शरीर में कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहना बेहद जरूरी होता है. जो इस बीमारी से जूझ रहे हैं वे लोग इससे निजात पाने के लिए तमाम चीजों का सेवन करते हैं. लेकिन, शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल घटाने में अलसी का सेवन अधिक कारगर हो सकता है. इसकी सबसे बड़ी खूबी यही है कि इसे आप किसी भी रूप में खा सकते हैं. अब सवाल है कि कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करने के लिए अलसी का सेवन कैसे करें? आइए जानते हैं इस बारे में-

मायोक्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, अलसी और इसका तेल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं. ये बीज हार्ट से जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम करने में असरदार हैं. अलसी के बीज को साबुत या कुचलकर या पाउडर के रूप में सेवन किया जा सकता है. इसका सेवन कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज घटाने के साथ ही पाचन संबंधी समस्याओं में भी किया जा सकता है. वहीं, कुछ लोग सूजन संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए भी अलसी का सेवन करते हैं.

खराब कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए ऐसे करें अलसी का सेवन

**अलसी का पाउडर:** रिपोर्ट के मुताबिक, कोलेस्ट्रॉल का लेवल घटाने के लिए अलसी का पाउडर



अधिक फायदेमंद माना जाता है. इसे बनाने के लिए लोग कई तरह से बनाते हैं, लेकिन लाल मिर्च और साबुत धनिया डालकर बनाने से अधिक असरदार हो सकता है. इसको बनाने के लिए अलसी के बीजों में लाल खड़ी मिर्च और साबुत धनिया डालकर अच्छे से रोस्ट कर लें. ठंडा होने पर इसे ग्राइंडर की मदद से पीस लें. इसके बाद सेवन कर सकते हैं.

**भुनी अलसी:** कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए भुनी अलसी का भी सेवन किया जा सकता है. इसका खाली पेट सेवन अधिक फायदेमंद माना जाता है. इसे बनाने के लिए अलसी को रोस्ट कर लेना है. इसका सेवन दिन में 1 से 2 चम्मच करना है. नियमित इसे खाने से जल्द राहत मिल सकती है.

**अलसी का पानी:** अलसी का पाउडर और सब्जी ही नहीं, इसका पानी भी असरदार माना जाता है. इसके नियमित सेवन से काफी हद तक कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है. इसके लिए 1-2 चम्मच अलसी को पानी में भिगो दें. सुबह इस पानी को छानकर खाली पेट पिएं. ऐसा करने से परेशानी से राहत मिल सकती है.

**अलसी की सब्जी:** शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल घटाने के लिए अलसी की सब्जी का भी सेवन किया जा सकता है. इसको आप तोरई, लौकी कटहल आदि में डालकर खा सकते हैं. इसे बनाने के लिए मनचाही सब्जी को काटकर नमक और हल्दी डालकर उबालें. फिर इसे अच्छे से मैश करके इसमें अलसी का पाउडर डालें. इसके बाद जीरा और लाल मिर्च का तड़का लगा दें. इससे यूरिक एसिड से भी राहत मिल सकती है.

# दूध में मिलावट तो नहीं?




- **घर बैठे आसान तरीके से ऐसे करें जांच**
- **BHU के छात्र ने इजाद की यह तकनीक**

दूध का इस्तेमाल तो हर किसी के घर में होता है. अक्सर घर में इस्तेमाल होने वाले दूध की शुद्धता को लेकर मन में सवाल भी उठता है. आपके मन में भी ऐसा ही सवाल है, तो आप कुछ आसान ट्रिक के जरिए दूध के शुद्धता की जांच कर सकते हैं. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट ने इसकी आसान और घरेलू तकनीक को ढूंढ निकाला है.

बीएचयू के भौतिक विज्ञान विभाग के रिसर्च स्टूडेंट तपन परसाई ने इसकी तकनीक को इजाद किया है. तपन ने असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अर्चना तिवारी और सिक्किम विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अजय त्रिपाठी के सहयोग और देखरेख में इस नए तरीके को ढूढ़ निकाला है. वाष्पीकरण प्रकिया और मशीन लर्निंग एल्गोरिथम की मदद से दूध में मिलाए गए पानी और सिंथेटिक दूध का पता लगाया जा सकता है.

## ऐसे कर सकते है जांच

रिसर्च स्टूडेंट तपन परसाई ने बताया कि घर पर आप अपने दूध की पहचान कर सकते हैं. इसके लिए आपको एक मेडिकल सिरिंज की मदद से दूध की एक बूंद को एक ग्लास स्लाइड पर रखना होगा. उसके बाद उसे वाष्पित होने के लिए छोड़ना पड़ेगा. इस दौरान उसकी पहली स्टेज की फ़ोटो आपको अपने फोन में खींचनी होगी. ग्लास स्लाइड पर रखा दूध जब वाष्पित होगा, तो उसके कई रिंग हमें दिखाई देंगे. इसे जब हम माइक्रो ड्रापलेट्स से देखेंगे को वाष्पित आकृतियों की पारदर्शिता हमें दिखाई देगी. जिससे हम यह जान सकेंगे कि दूध में कितनी मिलावट है. वाष्पित आकृतियां जितनी ज्यादा पारदर्शी होंगी, उसमें मिलावट भी उतना ही ज्यादा होगी.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### मुरादाबाद में दबंगों ने की पीतल कारोबारी की हत्या, चाकूबाजी में बदमाश की भी चली गई जान

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां घर में घुसकर बदमाशों ने पीतल फैक्ट्री मालिक की चाकूओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना कटघर क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी अनिल चौधरी (32) की शनिवार देर रात चाकू मारकर हत्या कर दी। दो बदमाशों ने बीती रात करीब बारह बजे आवाज देकर दरवाजा खुलवाया था। उधर, घटना के दौरान एक बदमाश घायल हो गया था। जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया गया है कि शनिवार की रात अनिल चौधरी परिवार समेत घर में सो रहे थे। अचानक दो लोग आए और आवाज देकर खुलवाया। दरवाजा खुलते ही दोनों हमलावरों ने अनिल चौधरी को निशाना बनाकर चाकू से हमला कर दिया। खून से लथपथ अनिल चौधरी की जमीन पर गिरते ही मौत हो गई। घटना के दौरान हमलावर भी घायल हो गया था, उसका दूसरा साथी उसे अस्पताल में भर्ती करा कर फरार हो गया। उपचार के दौरान हमलावर की अस्पताल में मौत हो गई।

### रसगुल्ले के चक्कर में शादी में हो गया बखेड़ा

**अमरोहा.** शादी-बारातों में अक्सर खाने-पीने की चीजों को लेकर बवाल होते देखा गया है। कहीं मांस-मछली न बनाए जाने को लेकर मारपीट हो जाती है तो कहीं रसगुल्ले के चक्कर में बखेड़ा खड़ा कर दिया जाता है। इसी तरह का एक मामला यूपी के अमरोहा जिले से भी सामने आया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव झुरेरी में रसगुल्ला ने शादी के कार्यक्रम में बवाल करा दिया। दावत के दौरान रिश्तेदार ने एक रसगुल्ला ज्यादा मांग लिया, जिसे लेकर नोकझोंक के बाद जमकर मारपीट व पथराव हुआ। कार्यक्रम में भगदड़ मच गई। घटना में घायल दो महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराने के संग कोतवाली में तहरीर दी गई है।

### रेप के बाद हत्या, तालाब में मिला लड़की का शव

**लखनऊ.** लखनऊ में सरोजनीनगर के रानीपुर गांव स्थित तालाब में रविवार सुबह हत्या कर फेंका गया युवती का शव मिला। मानसिक मंदित युवती शनिवार रात से लापता थी। सुबह परिवार वाले उसे तलाशने लगे। इस बीच तालाब में शव पड़ा नजर आया। अंदेशा है कि दुराचार के बाद युवती की हत्या की गई है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि के मुताबिक 30 वर्षीय युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह कई बार बिना बताए घर से चली जाती थी। शनिवार रात करीब दस बजे युवती घर से निकल गई। अक्सर युवती कुछ देर में खुद ही घर लौट आती थी। ऐसे में परिवार वालों ने ध्यान नहीं दिया। रविवार सुबह युवती घर नहीं लौटी। जिसके बाद परिवार वाले खोजबीन करने लगे। रानीपुर गांव पहुंचने पर तालाब में युवती का शव उतराता मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। परिवार ने बेटी के साथ दुराचार के बाद हत्या किए जाने का अंदेशा जताया है। पुलिस को तालाब किनारे बनी एक कोठी में खून बिखरा पड़ा मिला है। अंदेशा है कि कोठरी में हत्या करने के बाद युवती का शव तालाब में फेंका गया है।

### बारात में फूड प्वाइजनिंग, दूल्हा-दुल्हन की बहनों समेत 100 से अधिक बीमार

**संभल.** संभल जिले में जुनाबई थाना क्षेत्र के अजीजपुर गांव में बारात में फूड प्वाइजनिंग से दुल्हन की बहन समेत 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। एक-एक कर लोगों को उल्टी दस्त शुरू हुए हुए, तो मौके पर हालत बिगड़ गए। फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए कुछ लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। बाराती अपने वाहनों में बैठकर चले गए। 50 से अधिक रोगी निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। क्षेत्र के अजीजपुर गांव निवासी धर्मवीर की बेटी प्रीती की शनिवार रात रजपुरा क्षेत्र के गांव ब्यौरा से बारात आई थी। दूल्हा डीपी समेत सभी बारातियों और घरातियों ने दावत में खाना खाया। देर रात एक-एक कर लोगों को उल्टी दस्त शुरू हो गए। एक के बाद एक 100 से अधिक लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए।

# 'महाराष्ट्र को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाएंगे'

■ **प्रधानमंत्री मोदी बोले- समृद्ध है राज्य का भविष्य**

:ध्रुवराज नेटवर्क

मुंबई. लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार मुंबई पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अलग-अलग परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा,'मुंबई में जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उससे महानगर की आसपास के क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। दुनियाभर के निवेशकों ने तीसरे कार्यकाल के लिए हमारी सरकार का स्वागत किया है।'

पीएम मोदी ने कहा, देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है। हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। वहीं, विपक्ष की हर नीति युवाओं से विश्वासघात और रोजगार को रोकने वाली है। अब इनकी पोल खुल रही है। देश की जनता उनके हर झूठ और प्रपंच को नकार रही है। मोदी ने कहा कि देश में जब कहीं पुल बनता है, रेलवे ट्रैक बनता है या सड़क बनती है तो किसी न किसी को रोजगार मिलता ही है। भारत में जैसे-जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर की गति तेज हो रही है, रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। आने वाले दिनों में ये अवसर और बढ़ने वाले हैं।

एनडीए सरकार ही स्थिरता ला सकती है- पीएम मोदी



पीएम मोदी ने कहा,'लोग जानते हैं कि एनडीए सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व प्रदान कर सकती है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार तीन गुना तेजी के साथ काम करेगी।'

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'महाराष्ट्र के पास गौरवशाली इतिहास है। महाराष्ट्र के पास सशक्त वर्तमान है और महाराष्ट्र के पास समृद्ध भविष्य का सपना है। महाराष्ट्र वह राज्य है, जिसकी विकसित भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका है। महाराष्ट्र के पास उद्योग, कृषि और आर्थिक क्षेत्रों की ताकत है। इसी ताकत ने मुंबई को देश की आर्थिकी का केंद्र बनाया है। इसी ताकत से महाराष्ट्र को दुनिया का सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है।'

■ **गरीबों-वंचितों को दे रहे प्राथमिकता**

■ पीएम ने कहा, एनडीए सरकार गरीबों और वंचितों को प्राथमिकता दे रही हैं। नई सरकार के शपथ लेते ही हमने गरीबों के लिए पक्के घर और किसानों से जुड़े बड़े फैसले किए हैं। अभी तक 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर मिल चुके हैं। 3 करोड़ और गरीबों को पक्के घर मिलेंगे। इसमें महाराष्ट्र के भी लाखों गरीब दलित और आदिवासी परिवार शामिल हैं। मोदी ने कहा कि एक अच्छा आवास हर परिवार की जरूरत ही नहीं, बल्कि उसकी गरिमा से भी जुड़ा है। इसलिए हम शहरों में रहने वाले गरीब और मध्यवर्ग दोनों का सपना पूरा करने जुटे हैं।

**तीन वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां उत्पन्न कीं**

पीएम मोदी ने कहा, 'हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रोजगार को लेकर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। रिपोर्ट के अनुसार, बीते तीन वर्षों में भारत में आठ करोड़ नई नौकरियां उत्पन्न की गईं। यह आंकड़ा उन लोगों के लिए कड़ा जवाब है, जो रोजगार को लेकर मनगढ़ंत कहानियां बना रहे थे। भारत को स्किल डेवलपमेंट और रोजगार की आवश्यकता है और हमारी सरकारी इस दिशा में सही ढंग से काम कर रही है।'

### जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार 46 साल बाद खोला गया

■ **भंडार गृह में लकड़ी के 6 संदूक भेजे गए**

**पुरी.** ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार दोपहर 1:28 बजे खोल दिया गया। ओडिशा मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है। इस दौरान भंडार गृह में सरकार के प्रतिनिधि, ASI के अधिकारी, श्री गजपति महाराज के प्रतिनिधि समेत 11 लोग मौजूद हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, सरकार रत्न भंडार में मौजूद कीमती सामानों की डिजिटल लिस्टिंग करेगी, जिसमें उनके वजन और निर्माण जैसे डिटेल होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के सुपरिटेंडेंट डीबी गडनायक ने कहा कि इंजीनियर्स मरम्मत कार्य के लिए रत्न भंडार का सर्वे करेंगे। मंदिर का खजाना आधिकारिक तौर पर आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। खजाना खोलने से पहले प्रशासन ने लकड़ी के भारी 6 संदूक मंगाए। इसे उठाने के लिए 8 से 10 लोगों को लगना पड़ा। इन्हें रत्न भंडार गृह में भेजा गया है।

# मैं RSS में था, यह कोई अछूत संगठन नहीं

**पूर्व जज ने राजनीति को लेकर कही बड़ी बात**

**नई दिल्ली.** कलकत्ता और ओडिशा हाई कोर्ट में जज रह चुके रिटायर्ड जस्टिस चितरंजन दास ने एक इंटरव्यू में कहा कि किसी को अपनी राजनीतिक पहचान छिपाने की जरूरत नहीं है। वह खुलकर कहते हैं कि वह आरएसएस के सदस्य थे। उन्होंने कहा कि एक जज रहते हुए उन्होंने संविधान के मुताबिक काम किया और उनकी व्यक्तिगत विचारधारा कभी आड़े नहीं आई। जस्टिस दास ने यह भी कहा कि आरएसएस में हर विचारधारा के लोग रहते हैं और यह संगठन किसी को किसी विचारधारा के लिए बाध्य नहीं करता है।

बता दें कि जस्टिस चितरंजन अपने फैसलों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एक फैसले में कहा था कि महिलाओं को भी अपनी कामेच्छा पर काबू करना चाहिए। उन्होंने कहा था, कमेच्छा पर काबू करना चाहिए क्योंकि क्योंकि कई बार समाज की नजर में महिलाओं को गिरना पड़ता है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को लेकर कहा था कि कई बार जजों की टिप्पणी गलत संदेश दे देती है। इसके बाद रिटायरमेंट के वक्त उन्होंने कहा कि वह आरएसएस के सदस्य हुआ करते थे।



**RSS के बारे में क्या बोले जस्टिस दास**

जस्टिस दास ने कहा कि आरएसएस अपने 100 साल पूरे करने जा रहा है। आरएसएस को कई लोग अछूत संगठन मानते हैं लेकिन इस संगठन ने किसी के माइंड वॉशि की कोशिश कभी नहीं की। मुझे इसका व्यक्तिगत अनुभव है। आरएसएस लोगों के व्यक्तित्व को निखारता है। यह लोगों को अच्छा नागरिक बनाता है और चाहे कोई प्रधानमंत्री हो, जज या कलेक्टर हो। हर किसी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देता है।

### पूजा खेडकर की ऑडी जब्त

**पुणे.** पुणे पुलिस ने रविवार (14 जुलाई) को ट्रेनी IAS अफसर पूजा खेडकर की ऑडी कार जब्त कर ली है। पूजा पुणे में असिस्टेंट कलेक्टर के तौर पर पोस्टिंग के दौरान लग्जरी कार पर अवैध तरीके से लाल-नीली बत्ती लगाकर घूमने के बाद विवादों में आई थीं। उनके दबंग रवैये और मनमानी की भी काफी चर्चा है। ऑडी कार एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुणे RTO ने गुरुवार (11 जुलाई) को MH-12/AR-7000 नंबर वाली इस ऑडी के मालिक, इंजीनियरिंग कंपनी को नोटिस जारी किया था। नोटिस में कंपनी को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए गाड़ी पेश करने के लिए कहा गया था।

पुणे पुलिस ने बताया कि खेडकर परिवार के ड्राइवर ने पुणे के चतुरश्रृंगी पुलिस स्टेशन के ट्रैफिक डिवीजन में कार जमा करवाई है। कार पर लगी लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र प्रशासन का स्टिकर हटा दिया गया है। पुलिस कार के डॉक्यूमेंट्स की जांच कर रही है। फिलहाल, कार पर जैमर और उसके चारों ओर बैरिकेड् स लगाए गए हैं।

# महाराष्ट्र में अखिलेश यादव ने मांगी 12 विधानसभा सीटें

■ **कहा- गठबंधन में बात न बनने पर अकेले लड़ेंगे चुनाव**

**मुंबई.** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में बात नहीं बनी तो अकेले चुनाव लड़ेंगे। दरअसल, अखिलेश यादव ने मुंबई प्रवास के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव की बात की। अखिलेश ने कहा कि "महाराष्ट्र का विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत लड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। अगर बात नहीं बनी तो अकेले ही चुनाव लड़ेंगे।"

बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महाराष्ट्र में 12 विधानसभा सीटें मांगी हैं। अभी वहां उसके दो विधायक हैं। सपा अध्यक्ष ने शनिवार को मुंबई में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने इस चुनाव पर बातचीत की। उन्होंने बताया कि पार्टी ने महाराष्ट्र में 12 विधानसभा सीटें मांगी हैं। यह चुनाव इंडिया गठबंधन के तहत लड़ना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। लेकिन, अगर बात नहीं बनी तो हम अकेले चुनाव लड़ेंगे। अखिलेश ने यह साफ कर दिया है कि अगर मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तरह मुंबई में सपा को नजरअंदाज किया गया तो सपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी।



**9 अगस्त को जनसभा करेंगे अखिलेश**

सपा प्रमुख अखिलेश यादव 9 अगस्त को महाराष्ट्र के मालेगांव में जनसभा करेंगे। जानकारी के मुताबिक, मालेगांव में सपा के 12 नगर सेवक (पार्षद)चुनकर आए थे। वर्तमान में पूरे राज्य में पार्टी को मजबूत करने पर फोकस कर रहे हैं। इसलिए अखिलेश ने महाराष्ट्र में 12 विधानसभा सीटें मांगी हैं।

# मुसलमान कोई वोट डालने वाली मशीन हैं क्या : असदुद्दीन ओवैसी

**नई दिल्ली.** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (AIMIM) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में OBC समुदाय के एमपी जीतकर आए, मगर एक भी मुसलमान सांसद नहीं जीता। ओवैसी ने कहा, 'भारत के लोकतंत्र को लेकर दावा किया जाता है कि इसमें हर किसी का प्रतिनिधित्व शामिल है। लोकतंत्र में हर समाज का एमपी जीतकर जाता है, मगर महाराष्ट्र से एक भी मुस्लिम नहीं जीतता है। ऐसे में यह बात सोचने वाली तो है।' उन्होंने कहा कि औरंगाबाद से इम्तियाज अली नहीं जीत पाए। इसे लेकर राज्य के पूरे मुस्लिम समाज में गुस्सा है और सवाल पूछा जा रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि हर समाज का व्यक्ति जीत रहा है, लेकिन हमारा एक सांसद था जिसे मिलकर हरा दिया गया। यही सच्चाई है।



**मुसलमानों को भी सोचना चाहिए कि...**

एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि यह बात मुसलमानों को भी सोचनी चाहिए कि हम वोट डालने वाली मशीन तो नहीं हैं न। हम एटीएम भी नहीं हैं कि तुम आओ दबा दो और हम वोट डालते जाएं। बीते दिनों ओवैसी ने आरोप लगाया था कि तीन नए आपराधिक कानूनों का इस्तेमाल गरीबों, कमजोर वर्गों, मुसलमानों, आदिवासियों और दलितों के खिलाफ ज्यादा किया जाएगा। हैदराबाद के सांसद ने कहा, नए कानूनों में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि अगर पुलिस कोई गलती करती है तो उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। नए कानून गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम से भी ज्यादा खतरनाक हैं।'

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, 'भारत की संसद में ऐसा पहली बार हुआ है जब उच्च जाति और ओबीसी का प्रतिनिधित्व बराबर हो गया है। देश में मुसलमानों की आबादी 14 प्रतिशत है, मगर केवल 4 फीसदी एमपी जीतकर आए हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर मुसलमानों को वोट डालने से क्यों पीछे हटा जा रहा है।

### दिल्ली के GTB अस्पताल में दनिदहाड़े चली गोलियां

**नई दिल्ली.** दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में दिनदहाड़े गोलियां चली हैं. बाइक से आए तीन बदमाशों ने एक मरीज पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और भाग निकले. सूत्रों के मुताबिक, मरीज कुछ हफ्ते से अस्पताल के वार्ड नंबर-24 में भर्ती हुआ था. फायरिंग की सूचना के बाद पुलसि मौके पर पहुंच गई है और छानबीन की जा रही है.

सूत्रों के मुताबिक, 4 बजे एक 18 साल का लड़का अस्पताल के अंदर आया और उसने रियाजुद्दीन को गोली मार दी. शुरुआती जानकारी के मुताबिक रियाजजुद्दीन नशे का आदी था. रियाजुद्दीन का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं है. आरोपी 18 साल का लड़का है जिसने 3-4 राउंड गोलियां चलाई.

# ध्रुव राठी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**पुलिस ने दर्ज की FIR, ओम बिरला की बेटी से जुड़ा मामला**

**मुंबई.** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के पैरोडी (मिलते-जुलते नाम वाले) अकाउंट से आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर केस दर्ज किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की बेटी के बारे में इससे फर्जी संदेश पोस्ट किया गया था। राज्य के साइबर विभाग के अनुसार, ध्रुव राठी नाम वाले अकाउंट से दावा किया गया कि बिरला की बेटी ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा दिए बिना ही उसे पास कर लिया है। एक्स अकाउंट के परिचय में लिखा है, 'यह एक प्रशंसक और पैरोडी अकाउंट है। इसका ध्रुव राठी के मूल अकाउंट से कोई संबंध नहीं है। किसी की नकल नहीं की जा रही है। यह अकाउंट पैरोडी है।'



पुलिस अधिकारी ने बताया कि ओम बिरला के एक रिश्तेदार की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। इसे लेकर पुलिस ने राठी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धाराओं और आईटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जब यह बताया गया कि कथित फर्जी संदेश राठी ने नहीं किया बल्कि एक पैरोडी अकाउंट से पोस्ट किया गया, तो अधिकारी ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं।

**आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर मागी गई माफी**

पैरोडी अकाउंट से शनिवार को एक और पोस्ट की गई, जिसमें लिखा है, 'महाराष्ट्र साइबर विभाग के निर्देश पर मैंने अंजलि बिरला के बारे में अपने सभी पोस्ट और टिप्पणियां हटा दी हैं। मैं माफी मांगता हूं क्योंकि मुझे तथ्यों के बारे में पता नहीं था। मैंने किसी और के ट्वीट की नकल करके इसे साझा किया।' गौरतलब है कि ध्रुव राठी ने कुछ दिनों पहले अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बड़ा अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि उनके घर नन्हा मेहमान आने वाला है। जी हां, ध्रुव राठी की पत्नी जूली एलबीआर गर्भवती हैं। वह इसी साल सितंबर में मां बनने वाली है।

# पाकिस्तान को हराकर भारत बना चैंपियन

■ **वर्ल्ड चैंपियंस लीजेंड्स फाइनल में 5 विकेट से हराया**

वर्ल्ड चैंपियंस ऑफ लीजेंड्स में शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया। बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान के कप्तान यूनुस खान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 156 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 19.1 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत की ओर से अंबाती रायडू ने सर्वाधिक 50 रन बनाए।

157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। उथप्पा और अंबाती के बीच पहले विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी हुई। सुरेश रैना सिर्फ 4 रन ही बना सके। आमिर यामिन ने एक ही ओवर में दोनों खिलाड़ियों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। अंबाती रायडू ने 30 गेंद में 5 चौके और दो छक्के की मदद से 50 रन बनाए।



गुरकीरत सिंह ने 33 गेंद में 34 रन की पारी खेली। इसके बाद युसूफ पठान ने 16 गेंद में 30 रन की धमाकेदार पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने तीन छक्के और एक चौका लगाया। कप्तान युवराज सिंह ने 22 गेंद में 15 रन बनाए। इरफान 5 रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान की ओर से आमिर ने दो विकेट, अजमल, रियाज और शोएब को 1-1 विकेट मिला।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 156 रन बनाए। शोएब मलिक ने सर्वाधिक 41 रन बनाए। भारत की ओर से अनुरीत सिंह ने तीन विकेट झटके। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम के सलामी बल्लेबाज शरजील खान 10 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए।

# शंख बजाकर पौधरोपण अभियान शुरू, रिकॉर्ड बनेगा

■ **यूके, यूएई से एनआरआई भी पौधे लगाने आए**

**इंदौर.** इंदौर में रिकॉर्ड 11 लाख पौधे रोपे जाएंगे। कार्यक्रम BSF रेवती रेंज पर रविवार सुबह 6 बजे शंख बजाकर शुरू हो गया। यह रिकॉर्ड बना तो इंदौर का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हो जाएगा। इससे पहले सितंबर 2023 में जनभागीदारी से असम में 9 लाख 26 हजार पौधे का रिकॉर्ड है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह तय समय से आधा घंटा लेट दोपहर 12.30 बजे इंदौर आए। गृहमंत्री रेवती रेंज स्थित बीएसएफ ग्राउंड में कुछ ही देर में पौधरोपण करेंगे। शाह प्रदेश के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन भी करेंगे। मोदी का आह्वान एक नारा बन जाएगा, ये किसी ने भी नहीं सोचा था। इंदौर देशभर में स्वाद, स्वच्छता, सुशासन, सहयोग और सहभागिता के लिए जाना जाता है। आज से इंदौर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण के नाम से भी जाना जाएगा। ये दुनिया में मिसाल बनेगा। सीआरपीएफ का धन्यवाद। इनके जवानों ने एक साल में 5 करोड़ 21 लाख पौधे लगाए हैं। आने वाले एक साल में भी इतने ही पौधे लगाए जाएंगे। पूरे देश को ऑक्सीजन देने का काम मप्र करता है। यहां के कुल 31 प्रतिशत फॉरेस्ट कवर है, ये देश का 12प्रतिशत फॉरेस्ट कवर एरिया है।



### तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** भारतीय सेना ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। सेना ने घुसपैठ कर रहे तीन आतंकियों को ढेर कर दिया है। भारतीय सेना ने कहा कि कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में एलओसी पर आज घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की गतिविधि देखी।

# नाबालिग लड़की ने बॉयफ्रेंड के 17 टुकड़े किए

**सऊदी अरब से मिलने छत्तीसगढ़ बुलाया था; लिव-इन पार्टनर के साथ मिलकर मार डाला**

**कोरबा.** छत्तीसगढ़ के कोरबा में 16 साल की लड़की ने अपने बॉयफ्रेंड को गला रेत कर मार डाला। इसके बाद शव के 17 टुकड़े किए और स्कूल बैग-बोरी में भरकर डैम में फेंक दिया। इसके लिए लड़की ने अपने लिव-इन पार्टनर की मदद ली। पुलिस ने दोनों आरोपियों को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। हैरानी की बात यह है कि लड़की ने यह साजिश पैसों के लालच में रची। इसके लिए उसने सऊदी अरब से बॉयफ्रेंड को मिलने के लिए बुलाया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से चोरी की सोने की चेन, मोबाइल और कैश बरामद किया है।

■ **सोशल मीडिया पर हुई थी दोस्ती**

जानकारी के मुताबिक, पाली क्षेत्र के चैतमा निवासी 16 साल की लड़की और झारखंड के रांची के रहने वाले वसीम अंसारी (26 वर्ष) की जान पहचान सोशल मीडिया पर हुई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पहले वे दोस्त बने और फिर उनमें प्यार हो गया। दोनों करीब साढ़े 3 साल से एक-दूसरे को जानते थे।

■ **चाकू से काटा गला, फिर किए टुकड़े**

वसीम करीब ढाई साल पहले किसी प्राइवेट कंपनी में काम करने के लिए सऊदी अरब चला गया। इस दौरान लड़की और वसीम की आपस में बात होती थी। लड़की ने वसीम को मिलने के लिए बुलाया। उसके कहने पर वसीम पहले दिल्ली और फिर झारखंड गया। हालांकि वह अपने घर न जाकर बिलासपुर पहुंचा। वहां आरोपी लड़की उसे बोलेरो किराये पर लेकर लेने के लिए पहुंची थी। वसीम को लेकर लड़की अपने घर लाई और वहीं रुकवा दिया। आरोप है कि साजिश के तहत 9 जुलाई की रात लड़की के घर में पीछे के रास्ते से रजा खान दाखिल हुआ। उसने मुर्गा काटने वाले चाकू से वसीम के गले पर वार कर दिया। हमला होते ही वसीम ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आरोप है कि इस पर लड़की और रजा खान ने उसे पकड़ा और उसी चाकू से गला काट कर अलग कर दिया। इसके बाद उसके शव के टुकड़े किए और उन्हें बैग में भरकर स्कूटी से ले जाकर गोपालपुर डैम में फेंक दिया।

# पूर्वांचल पर गहराया बाढ़ का खतरा, रोहिन-राप्ती उफनाईं

**गोरखपुर.** नेपाल में हो रही बारिश का असर सबसे अधिक राप्ती और रोहिन नदी पर पड़ रहा है। लगातार दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ता रहा है। इसकी वजह से राप्ती खतरे के निशान से 34 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। राप्ती के बढ़ते जलस्तर ने प्रशासन चिंतित है। क्योंकि, राप्ती, रोहिन नदी के बढ़ते जलस्तर ने 28 बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इन गांवों में पानी घुस गया है। इनमें करीब पांच गांव ऐसे हैं, जिन्हें मैरुंड घोषित किया जा चुका है। इन सबके बीच रोहिन भी 24 घंटे के अंदर 33 सेंटीमीटर बढ़ी है। इसका असर यह है कि 31 सेंटीमीटर खतरे के निशान के ऊपर बह रही है।हालांकि, सबसे राहत की बात यह है कि सरयू नदी का जलस्तर दूसरे दिन भी गिरा है। 24 घंटे में 13 सेंटीमीटर घटी है। इसके बाद भी सरयू नदी की चपेट में चार गांव आ चुके हैं।



## संक्षेप...

### भाजपा के तीसरे जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन

**कलवा।** कलवा पूर्व पौंड पाडा में भाजपा के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन भाजपा ठाणे विधायक संजय केलकर के हाथों किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे। इस क्रार्यक्रम का आयोजन एड. दिनानाथ पांडे व महिला अध्यक्षा सहायक फाउंडेशन एंड. सपना दिनानाथ पांडे के नेतृत्व में किया गया। विधायक केलकर ने कहा इस कार्यालय से लोगों के जन समस्याओं को सुलझाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नागरिकों के लिए जारी विभिन्न योजनाओं को जानकारी दी जाएगी।

# मुंबईवासियों की प्यास बुझाने वाले सात बांधों में 25% जल भंडारण

**मुंबई.** मुंबईवासियों की प्यास बुझाने वाले सात बांधों के जलग्रहण क्षेत्र में बारिश ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है और बांधों में जल भंडारण बढ़ने लगा है. मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाले सभी सात बांधों में जल भंडारण 25 प्रतिशत तक पहुंच गया है। लेकिन जब तक बांधों में पानी का भंडारण संतोषजनक ढंग से नहीं बढ़ जाता, तब तक मुंबईकरों को पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा।


फाइल फोटो

मुंबई को सात बांधों उर्ध्व वैत्राणा, मोदकसागर, तानसा, मध्य वैत्राणा, भाटसा, विहार और तुलसी से प्रतिदिन 3900 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है। इन सातों बांधों की कुल जल भंडारण क्षमता 14 लाख 47 हजार 363 मिलियन लीटर है और अभी बांधों में 3 लाख 61 हजार 825 मिलियन लीटर जल भंडारण उपलब्ध है. इस साल जून में संतोषजनक बारिश नहीं होने के कारण मुंबईकर पानी को लेकर चिंतित थे।

इसके अलावा, चूंकि बांध नीचे तक पहुंच गए हैं, इसलिए नगर निगम ने उपलब्ध जल भंडार की आपूर्ति की योजना बनाने के लिए 5 जून से दस प्रतिशत पानी की कटौती लागू की है। पानी की यह कटौती ठाणे, भिवंडी-निजामपुर नगर निगम और आसपास के गांवों पर भी लागू की गई है, जिन्हें मुंबई नगर निगम द्वारा आपूर्ति की जाती है। हालांकि, अब बांधों में पानी का भंडारण बढ़ने से नागरिकों को राहत मिल रही है. वर्तमान में सभी सात बांधों में 25 प्रतिशत जल भंडारण उपलब्ध है। मोडकसागर बांध में अब जल भंडारण 37.42 फीसदी तक पहुंच गया है. साथ ही तानसा में जल भंडारण बढ़कर 49.99 प्रतिशत, मध्य वैतरन में 23.89 प्रतिशत, भटसा में 24.66 प्रतिशत, विहार में 45.71 प्रतिशत, तुलसी में 66.24 प्रतिशत हो गया है।

इस बीच पिछले दो साल की तुलना में आज बांधों में पानी का भंडारण कम है. 13 जुलाई 2022 को बांधों में जल भंडारण 8 लाख 11 हजार 522 मिलियन लीटर था. 2023 में इस दिन बांधों में 4 लाख 12 हजार 957 मिलियन लीटर पानी था. तो इस साल सिर्फ 3 लाख 61 हजार 825 मिलियन लीटर पानी ही उपलब्ध है.

# बारिश के पानी के छींटे पड़ने से रिक्शा चालक को मारा चाकू



**ठाणे.** ठाणे पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने एक ऑटोरिक्शा के पहिये से पानी के छींटे अपने ऊपर पड़ने के बाद संबंधित ऑटो चालक पर हमला कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

अधिकारी ने बताया कि शाम करीब साढ़े पांच बजे घोड़बंदर रोड पर मोटरसाइकिल चलाते वक्त ऑटो के पहिये से पानी के छींटे पड़ने के बाद आरोपी शाहबाज उर्फ नन्नू खान की ऑटो चालक से कहासुनी हुई। अधिकारी ने प्राथमिकी का हवाला देते हुए कहा कि ऑटोरिक्शा का एक पहिया एक गड्ढे में चला गया और पानी के छींटे खान पर पड़ गईं, जिससे वह नाराज हो गया।

उन्होंने बताया कि एक घंटे बाद ऑटो चालक के उसी रास्ते से लौटते समय खान ने उस पर चाकू से हमला किया और जमकर पिटाई कर दी। ऑटो चालक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने खान के खिलाफ भा मामला दर्ज कर लिया।


# IMD ने 16 जुलाई तक के लिए जारी किया रेड अलर्ट!

- मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी

मुंबई और इसके पड़ोसी ठाणे, पालघर और रायगढ़ जिलों में भारी बारिश के बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने 16 जुलाई तक सेंट्रल महाराष्ट्र के घाट इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मतलब कि इन इलाकों में IMD ने बहुत भारी बारिश चेतावनी जारी की है। मुंबई के क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने अपने पांच दिन के फोरकास्ट में शनिवार और रविवार को पालघर, ठाणे, मुंबई, रायगढ़, सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। IMD की रिपोर्ट के अनुसार, 16 जुलाई तक कोंकण और गोवा में, 14-15 जुलाई को तटीय कर्नाटक और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक; गुजरात क्षेत्र 16 जुलाई तक; 16 और 17 जुलाई को सौराष्ट्र और कच्छ में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

कोंकण और गोवा में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है; अगले पांच दिनों के दौरान मध्य महाराष्ट्र, गुजरात राज्य, केरल और माहे, तटीय और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में अलग-अलग स्थान; 13-17 जुलाई तक तेलंगाना, मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ में छिटपुट भारी बारिश; 13, 15 और 16 को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल; 13-15 जुलाई तक तटीय आंध्र प्रदेश और यनम और 14-16 जुलाई तक मराठवाड़ा।

### उफान पर कामवारी नदी; स्कूल बस डूबी



भिवंडी में भारी बारिश से कामवारी नदी उफान पर है। नदी किनारे रहने वाले लोगों के घरों में पानी घुस गया है। एक तस्वीर सामने आई है जिसमें पानी की चपेट में आने से एक स्कूल बस डूब गई।

गनीमत ये रही कि स्कूल बस खाली थी और उसमें कोई बच्चा सवार नहीं था। बस ही नहीं दूसरे कई वाहन सड़क पर जलमग्न दिखे। दरअसल, महाराष्ट्र के ठाणे, कल्याण, भिवंडी में पिछले दो दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण कल्याण रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भर गया है। इसके चलते आने-जाने वाले यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण को लेकर**

# प्लास्टिक मुक्त शिवशांति प्रतिष्ठान की अनोखी पहल



**ठाणे.** शहर स्थित वसंत विहार परिसर में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के साथ मिलकर प्लास्टिक मुक्त पर्यावरण के संरक्षण के उद्देश्य से शिवशांति प्रतिष्ठान ने एक अनोखी पहल की शुरुआत की।प्रतिष्ठान शहर में तेज गति से बढ़ते हुए प्रदूषण को लेकर पौधारोपण, स्वच्छता अभियान समय-समय पर करती रहती है।

इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक के वस्तुओं और अन्य प्लास्टिक के कचरो का वर्गीकरण करके उसे पुनरूत्पादन के लिए एकत्रित किया गया।प्रतिष्ठान के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के अगुवाई में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित इस महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक किया गया।इस अवसर डीएवी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सिम्मी जुनेजा, विनीता महतो,रश्मि नायर आकांक्षा घोष, रश्मि व्यवहार, शिक्षा संस्कार,श्वेता सिंह, मेनिका निषाद सहित प्रतिष्ठान के पदाधिकारी व स्कूल के अध्यापक व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बारिश का पानी निकालने कल्याण स्टेशन क्षेत्र में 3 हाई प्रेशर पंप



**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं से बहुउद्देश्यीय परियोजनाओं का निर्माण जारी है। इन कार्यों के कारण कहीं खुदाई होती है तो कहीं टीले मिलते हैं। इससे वर्षा जल के प्रवाह में बाधा उत्पन्न होती है। कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्र में शनिवार को बाढ़ सी आ गई। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे की मौजूदगी में शनिवार रात रेलवे स्टेशन क्षेत्र में तीन हाई प्रेशर पंप लगाए गए और जमा पानी को तत्काल बाहर निकाला गया।

शनिवार सुबह से पूरे दिन झमाझम बारिश होती रही। इसके कारण कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्र के दीपक होटल, एसटी बस डिपो, कोर्ट एरिया में पानी भर गया. इस क्षेत्र में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत फ्लाईओवर ब्रिज, एसटी आगर क्षेत्र में पार्किंग स्थल, पैदल यात्री ब्रिज का निर्माण चल रहा है. इन कार्यों के कारण कुछ स्थानों पर सड़कें बाधित हुईं। निर्माण सामग्री जगह-जगह रख दी गई है। इस उपकरण के कारण बारिश के पानी को बहने का कोई रास्ता नहीं मिलता है, इसलिए भारी बारिश के कारण यह पानी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जमा हो जाता है। यात्रियों के लिए भरे पानी में से रास्ता ढूंढना मुश्किल हो रहा था और रिक्शा चालकों के लिए रिक्शा खड़ा करना मुश्किल हो रहा था.

आयुक्त डॉ. जाखड़ के आदेश पर शनिवार शाम को कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे की उपस्थिति में मनपा कर्मचारियों द्वारा कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन क्षेत्र में तीन उच्च दबाव वाले पानी के पंप लगाए गए। पश्चिमी रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जमा पानी को शाम सात बजे से नौ बजे तक पंप किया गया. इस क्षेत्र की सड़कों को साफ करने के बाद, इस क्षेत्र की गड्ढों वाली सड़कों पर तुरंत डामर की बजरी डाल दी गई और सड़कों में सुधार किया गया। भारी बारिश जारी रहने के कारण, मनपा की आपातकालीन टीम के कर्मी, इंजीनियर रोहिणी लोकरे, देर रात तक पानी पंपिंग और सड़क डामरीकरण कार्य के लिए रेलवे स्टेशन क्षेत्र में डेरा डाले हुए थे।

# गुरुनानक स्कूल की छात्राओं ने बाजी मारी

**सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट**

- 7 विद्यालयों की कुल 15 टीमों ने भाग लिया



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के खेल विभाग द्वारा आयोजित सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में उल्हासनगर के गुरु नानक स्कूल की लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसकी हर स्तर से सराहना हो रही है. अजीज शेख (आईएएस) और अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर के मार्गदर्शन में, सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 8 जुलाई से 10 जुलाई 2024 तक सेंचुरी रेयान हाई स्कूल, शहाड के पास रामलीला ग्राउंड में किया गया था। 15 वर्ष से कम आयु के बालक एवं 17 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाओं की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 7 विद्यालयों की कुल 15 टीमों ने भाग लिया।

गुरु नानक स्कूल की लड़कियों ने 15 वर्षीय ग्रुप में सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल किया है। उनको उल्हासनगर मनपा के उपायुक्त डॉ. सुभाष जाधव को 'सुब्रतो मुखजी फुटबॉल कप' से सम्मानित किया, वहीं 15 वर्षीय लड़कों की टीम में भी गुरु नानक स्कूल ने प्रथम पुरस्कार, न्यू इंग्लिश हाई स्कूल ने दूसरा पुरस्कार और सेंचुरी हाई स्कूल ने तीसरा पुरस्कार जीता। 17 वर्षीय लड़कियों की टीम में गुरु नानक हाई स्कूल ने पहला पुरस्कार जीता पुरस्कार, जबकि न्यू एरा हाई स्कूल ने दूसरा पुरस्कार और ब्लूमिंगबड हाई स्कूल ने तीसरा पुरस्कार जीता।

उक्त समारोह में सुभाष जाधव उपायुक्त (खेल), शांताराम चौधरी, खेल अधिकारी, राजेश घनघाव, अंकुश कदम, जीतू चेनानी, एड. मनीष वाधवा, शिक्षक प्रमोद पारसी, सुभाष कोम्बारी, राजगुरु सर, उदय पवार, प्रशांत कुम्भारडे उमिली मेरे, और चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतुजा महालुंगे की उपस्थित रही. उक्त जानकारी मनपा की जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले ने दी है.

## दो दुकानों में लगी आग

**मुंब्रा.** शीलफाटा में दो दुकानों में आग लगने की घटना हुई। जिसमें फर्नीचर कारखाने में रखी लकड़ी और अन्य कीमती सामान जलकर खाक हो गया। लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई .

आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दोपहर में शील फाटा तुलजा भवानी मंदिर के समीप दिव्यांशु इस्टेट स्थित कादरी सोफा फर्नीचर कारखाना और समीप की दुकान में आग लगने की घटना हुई। जिसकी सूचना मिलते ही शील अग्निशमन दल के जवान,मनपा आपदा व्यवस्थापन विभाग और टोरेंट पावर के कर्मचारी कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंच कर आग बुझाने के काम में जुट गए। सुरक्षा के मद्देनजर टोरेंट पावर द्वारा बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई।


## जाहीर नोटीस

याव्दारे खालील कर्जदार व जामीनदार यांना कळविण्यात येते की, कर्जदार यांनी शिव-कला अर्बन को. ऑप. केडीट सोसायटी लि. पत्ता- बि 3, गणपती प्लाझा, यु.एम.सी. रोड, चोपाडा कोर्ट, उल्हानगर-421003, जिल्हा ठाणे येथून सोने तारणावर कर्ज घेतले होते. घेतलेल्या कर्ज रक्कमेची मुदतीत भरणा न केल्याने / करीत नसल्याने त्यांना जाहीर नोटीस देण्यात येते की, ही नोटीस प्रसिध्द झाल्याच्या 7 दिवसात कर्जाचा भरणा करून दागिने सोडवून न्यावेत. अन्यथा दिनांक 22/07/2024 रोजी सकाळी 11.30 वाजता वर नमुद पत्यावर त्यांनी गहाण ठेवलेल्या दागिन्यांची जाहीर लिलावाने / बाजारभावाने (मोडीच्या भावात) विकी करून कर्ज वसुल करण्यात येईल. तसेच यासाठी होणार खर्चाची त्यांचे कडूनच वसुल केला जाईल याची नोंद घ्यावी.

लिलावाची दिनांक व वेळ बदलण्याचा अधिकार संस्था राखून ठेवीत आहे.

| कर्ज खाते क. | कर्जदाराचे नांव | कर्ज दिनांक | कर्ज रक्कम | एकुण येणे |
|---|---|---|---|---|
| BT/1920/7408 | श्री. पंकज जेठानंद वाधवानी (कर्जदार)<br>श्रीमती. हेतल विक्की कुर्सेजा (जामीनदार)<br>श्रीमती. दया जेठानंद वाधवानी (जामीनदार) | 07/01/2020 | 25,00,000/- | 36,04,994/- |

ठिकाणः उल्हासनगर
दिनांकः 15/07/2024


शिक्का

सही/-
सेक्रेटरी
शिव-कला अर्बन को. ऑप. क्रेडीट सोसा लि.


# अक्षय कुमार को हुआ कोरोना

- एक्टर ने खुद को किया आइसोलेट

अक्षय कुमार अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी अटेंड नहीं कर पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वो कोविड पॉजिटिव हो गए हैं। अनंत-राधिका ने पर्सनली अक्षय को शादी में शामिल होने का न्योता भेजा था लेकिन एक्टर ने खुद को आइसोलेट कर लिया है.



सूत्रों के मुताबिक, 'पिछले दिनों फिल्म 'सरफिरा' के प्रमोशन के दौरान अक्षय की तबीयत थोड़ी खराब हो गई थी। दरअसल, फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक क्रू मेंबर कोविड 19 से पीड़ित हो गया था जिसके बाद अक्षय भी बीमार पड़ गए। शुक्रवार सुबह उन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया है। इससे पहले 2022 में भी अक्षय को कोरोना हो गया था जब वे फिल्म 'रामसेतु' की शूटिंग कर रहे थे। इस दौरान अक्षय के अलावा क्रू के बाकी टीम मेंबर्स भी कोविड पॉजिटिव पाए गए थे। 2021 में भी अक्षय कोविड पॉजिटिव हुए थे लेकिन वो जल्दी रिकवर कर गए थे। अक्षय ने उस दौरान पीएम केयर फंड में 25 करोड़ का दान दिया था और ऐसा करने वाले वो पहले सेलेब बने थे।

## चांदीवली में मनाया गया वन महोत्सव



चांदीवली के ईडन हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज में वन महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने पौधारोपण किया। इस मौके पर नित्यानंद गुरु एज्युकेशनल ट्रस्टचे अध्यक्ष रवी नायर, सचिव संध्या नायर, प्राचार्य जगदीश कुंभार, धनराज पाटील, जियालाल यादव, कल्याणी गोळी, वृंदा आशर, स्मृती कोटियन, विनय तिवारी, प्रदीपकुमार गुप्ता, चंद्र प्रकाश पांडे, रियाज मुल्ला आदी उपस्थित थे।









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099